दिशा-निर्देश

# कोविड-19 प्रतिक्रिया - वसंत ऋतु 2021 (सारांश)

22 फरवरी 2021 को प्रकाशित

विषय-वस्तु

1.
लॉकडाउन से बाहर निकलने का रोडमैप
2.
चार चरण

इस पृष्ठ को मुद्रित करें

## 1. लॉकडाउन से बाहर निकलने का रोडमैप

8 मार्च से, इंग्लैंड के लोग प्रतिबंधों को कम होता हुआ देखेंगे और सरकार के चार-चरणों वाला रोडमैप हमें एक अधिक सामान्य जीवन पर वापस लौटने की एक राह प्रदान करेगा।

टीकाकरण प्रोग्राम की सफलता एक कारण है - अब तक 17 मिलियन से अधिक लोगों को उनके टीके लग चुके हैं - लेकिन यह किसी भी पैमाने से पूर्ण छवि नहीं है। हमारी जनता ने भी कोविड-19 के प्रसार को रोकने की चुनौती को पूरी तरह से अपनाया है: कानूनों का पालन करके; घर पर रह कर; जरूरत पड़ने पर टेस्ट कराकर; जरूरत पड़ने पर आइसोलेट करके और 'हाथ, चेहरा, अंतर' और 'ताजी हवा की आवाजाही बरकरार' रखने के दिशा निर्देशों का पालन करके।

सम्मिलित रूप से, इसका यह मतलब है, हालांकि हमारे यहाँ केसों की संख्या अब भी काफ़ी उच्च है फिर भी हम मौजूदा समय में लागू कड़े लॉकडाउन के प्रतिबंधों को कम करना शुरू कर सकते हैं। हालांकि हम सभी को अब भी सतर्क रहना होगा - ख़ास तौर पर नए कोविड-19 के नए प्रकारों से - और निरंतर एनएचएस को सुरक्षित रखना होगा, फिर भी लॉकडाउन से एक सुरक्षित निकासी शुरू हो सकती है। यह चार चरणों में होगा; और हरेक चरण में, हम पूरे इंग्लैंड में एक ही समय पर प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटाने की योजना रखते हैं।

इस योजना के कार्यांवयन में तारीखें नहीं, बल्कि डेटा हमारा पथ प्रदर्शक होगा, ताकि हम दोबारा संक्रमणों की संख्या में भारी बढ़ोतरी ना देखें जो एनएचएस पर अरक्षणीय दबाव डालेंगे। इस कारणवश, रोडमैप में उल्लिखित सभी तारीखें मात्र सूचक हैं और इनमें परिवर्तन हो सकता है। प्रत्येक चरण के बीच कम से कम पाँच सप्ताहों की अवधि होगी: प्रतिबंधों में हुए परिवर्तनों को दर्शाने वाले वैज्ञानिक डेटा को प्राप्त करने में और उसका विश्लेषण करने के लिए चार सप्ताह; और इसके बाद हटाए जाने वाले प्रतिबंधों के लिए एक सप्ताह की अग्रिम सूचना।

अंतिम निर्णय केवल तभी लिया जाएगा जब सरकार सुनिश्चित होगी कि एक चरण से दूसरे चरण में जाना सुरक्षित है। यह निर्णय चार परीक्षणों पर आधारित होगा: टीका प्रदान करने का प्रोग्राम सफलतापूर्वक आगे बढ़ता रहता है; प्रमाण यह दिखाते हैं कि अस्पताल में लोगों को भर्ती करने की संख्या और टीके लगे हुए लोगों में मृत्यु के दरों को कम करने में टीका पर्याप्त रूप से प्रभावी हैं; संक्रमण के दरों के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या में भारी रूप से बढ़ोतरी होने का जोखिम न हो जो एनएचएस पर अरक्षणीय दबाव डाल सकता है; और वायरस के नए चिंताजनक प्रकारों के कारण हमारे जोखिमों के आकलन में कोई मूलभूत परिवर्तन ना हो।

जनता को सुरक्षित रखने के लिए सरकार निरंतर यह सुनिश्चित करेगी कि स्थानीय प्रकोपों को जल्द और प्रभावी रूप से संभाला जाए और हम यूके के भीतर और हमारी सीमाओं पर नए हानिकारक वायरस के प्रकारों से सफलतापूर्वक जूझें। रोडमैप में उल्लिखित चरणों के कार्यांवयन की संपूर्ण अवधि के दौरान सरकार निरंतर परिवारों और व्यवसायों की सहायता करती रहेगी - इसका सविस्तार विवरण 3 मार्च को चांसलर द्वारा बजट में प्रदान किया जाएगा।

# 2. चार चरण

चरण 1 में, हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि 8 मार्च से सभी बच्चे और छात्र सुरक्षित रूप से स्कूलों और कॉलेजों में आमने-सामने बैठ कर शिक्षा ग्रहण करने के लिए

वापस लौट सकें। जहाँ आवश्यक हो वहाँ चाइल्डकेयर और बच्चों की पर्यवेक्षित गतिविधियाँ वापस लौट सकती हैं ताकि माता-पिता काम-काज या अन्य सामान गतिविधियों पर लौट सकें। सेकेंडरी स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए हम सप्ताह में दो बार रैपिड टेस्टिंग शुरू कर रहे हैं - जिसके साथ-साथ हम सभी शिक्षकों के लिए भी नियमित रूप से टेस्टिंग शुरू करेंगें - ताकि हम स्कूलों में वायरस के फैलने की संभावना को कम कर सकें।

इंग्लिश यूनिवर्सिटियों में प्रैक्टिकल कोर्सों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र भी 8 मार्च से वापस लौट सकते हैं।

लोगों को अनुमति दी जाएगी कि वे अपने घर-परिवार या अगर वे योग्य हों तो अपने सपोर्ट बबल के साथ या अपने घर-परिवार से बाहर एक और व्यक्ति के साथ मनोरंजन और व्यायाम के लिए बाहर जाने हेतु अपने घर को छोड़कर जा सकते हैं। केयर होम के निवासियों को भी एक नियमित विजिटर से मिलने की अनुमति दी जाएगी।

प्रमाण यह दिखाते हैं कि लोगों के लिए एक दूसरे से घर के भीतर (इनडोर) नहीं बल्कि बाहर (आउटडोर) मिलना अधिक सुरक्षित है। और इसी कारणवश 29 मार्च से, जब अधिकांश स्कूलों की ईस्टर की छुट्टियाँ शुरू होंगीं तो या 6 लोगों (6 का नियम) या 2 परिवारों को बाहर (निजी बगीचों में मिलने के सहित) एक दूसरे से मिलने की अनुमति भी

दी जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप दोस्तों और परिवारों के लिए एक दूसरे से बाहर मिलना अधिक आसान होगा।

टेनिस और बास्केटबॉल कोर्ट्स, और बाहर खुले स्विमिंग पूल के जैसी आउटडोर स्पोर्ट्स को भी फिर से खुलने की अनुमति दी जाएगी और लोग औपचारिक रूप से व्यवस्थित आउटडोर स्पोर्ट्स में हिस्सा ले सकेंगे।

29 मार्च से 'घर पर रहने' का नियम समाप्त हो जाएगा लेकिन कई प्रतिबंध अब भी लागू रहेंगे। जहाँ संभव हो वहाँ लोगों को घर से काम करना जारी रखना चाहिए और जहाँ संभव हो अपने द्वारा की जाने वाली यात्राओं की संख्या को भी कम ही रखना चाहिए, एवं सबसे व्यस्त समय और मार्गों पर यात्रा करने से बचना चाहिए। अनुमोदित कारणों की बहुत ही छोटी संख्या के सिवाय विदेश यात्रा करना निषिद्ध रहेगा। छुट्टी मनाने के लिए विदेश जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि विदेश से आने वाले प्रकारों के जोखिम और टीकाकरण प्रोग्राम को सुरक्षित रखना अब भी जरूरी रहेगा। सरकार ने एक नया टास्कफोर्स नियुक्त किया है जो वैश्विक यात्रा की समीक्षा करेगा और 12 अप्रैल को अपना रिपोर्ट जमा करेगा।

शीघ्रतम 12 अप्रैल से शुरू होने वाले चरण 2 में गैर-जरूरी रीटेल व्यवसाय; हेयरड्रेसर और नेल सलून के जैसे निजी देखभाल के परिसर; और पुस्तकालय एवं कम्यूनिटी सेंटर के जैसे सार्वजनिक बिल्डिंग फिर से खुलना आरंभ करेंगे। जिम के जैसे इनडोर लेश़र

सुविधाएं भी फिर से खुलेंगीं (लेकिन केवल उन्हीं लोगों के उपयोग हेतु जो खुद या अपने घर-परिवार के लोगों के समूहों के साथ व्यायाम कर रहे हैं); और साथ ही आउटडोर हॉस्पिटैलिटी वेन्यू, चिड़ियाघर, थीम पार्क और ड्राइव-इन सिनेमा के जैसे अधिकांश आउटडोर आकर्षण स्थल और परिवेश भी खुलेंगे। कैम्पसाइट और हॉलिडे लेट्स के जैसे सेल्फ-कंटेंड आवास स्थान (सारी सुविधाओं सहित आवास स्थान) भी खुल सकते हैं जहाँ इनडोर सुविधाओं को किन्हीं भी अन्य परिवारों के साथ साझा नहीं किया जाता है।

चरण 2 से हॉस्पिटैलिटी वेन्यू लोगों को आउटडोर (बाहर) सर्व कर सकेंगे और ग्राहकों को शराब युक्त पेय पदारथों के साथ किसी भारी भोजन को ऑर्डर करने की जरूरत नहीं होगी और साथ ही कोई कर्फ्यू भी लागू नहीं होगा, लेकिन ग्राहकों को अवश्य टेबल पर बैठ कर ऑर्डर करना, खाना और पीना होगा ('टेबल सर्विस')। अलग-अलग परिवारों के बीच इनडोर मिलने-जुलने की संभावना को रोकने के विस्तृत सामाजिक संपर्क के नियम लागू होंगे।

हालांकि सर्वाधिक 30 शोकार्थ लोगों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार पहले के जैसे चल सकते हैं, लेकिन शादियों, रिसेपशन और जागरण (वेक) के जैसे स्मरण कार्यक्रमों में अब उपस्थित रहने वाले लोगों की अनुमत संख्या बढ़ कर 15 हो जाएगी।

शीघ्रतम 17 मई से शुरू होने वाले चरण 3 के एक अंश के तौर पर, सरकार दोस्तों और परिवारों से मिलने की सीमाओं में अधिक रियायत प्रदान करने के विषय पर गौर करेगी

और जहाँ संभव हो वह लोगों को अनुमति देगी के वे खुद निर्णय ले सकें कि उनकी परिस्थितियों के लिए उचित जोखिम का स्तर क्या होगा।

इसका यह मतलब है कि आउटडोर (बाहर) अन्य लोगों से मिलने के विषय पर लागू होने वाले ज्यादातर कानूनी प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे - हालांकि 30 से अधिक लोगों के मजमे अब भी गैरकानूनी रहेंगे। इनडोर, 6 का नियम या सर्वाधिक 2 परिवारों के मिलने के नियम अब भी लागू होंगे - इस संख्या को बढ़ाना सुरक्षित होगा या नहीं उस विषय को हम अपनी जांच के अधीन रखेंगे।

जितनी जल्दी संभव हो और अधिकतम चरण 3 तक, हम दोस्तों और परिवारों के बीच आपस में गले लगने के विषय के सहित सामाजिक दूरी बरकरार रखने के बारे में अपनी सलाह पर अद्यतन जानकारी प्रदान करेंगे। लेकिन इस समय तक, लोगों को ऐसे किन्हीं भी अन्य व्यक्तियों से अपनी दूरी बना कर रखनी चाहिए जो उनके घर-परिवार या सपोर्ट बबल का हिस्सा नहीं हैं।

सर्वाधिक जोखिम वाले क्षेत्रों के सिवाय ज्यादार व्यवसाय अब दोबारा खुल सकेंगे। सभी क्षेत्रों में, कोविड-सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश लागू रहेंगे और व्यवसाय कानूनी सीमाओं से अधिक बड़े समूहों को अपनी सेवाएं नहीं प्रदान कर सकेंगे। इनडोर हॉस्पिटैलिटी फिर से खुलेगी - और जैसा कि चरण 2 में बताया गया है, वेन्यू को शराब युक्त पेय पदार्थों के साथ

भारी भोजन नहीं सर्व करना होगा; ना ही कोई कर्फ्यू लागू होगी। लेकिन ग्राहकों को अपनी जगह पर बैठ कर ऑर्डर करना, खाना और पीना होगा।

चरण 3 में खुलने वाले अन्य इनडोर स्थानों में सिनेमा और बच्चों के प्ले एरिया जैसे इनडोर मनोरंजन के स्थान; होटल, होस्टल और बी एंड बी सहित बाकी का आवासन क्षेत्र; एवं इनडोर वयस्क सामूहिक स्पोर्ट्स और व्यायाम के क्लास शामिल होंगे। साथ ही सरकार इनडोर वेन्यू में कुछ बड़े प्रदर्शनों और स्पोर्टिंग कार्यक्रमों का आयोजन करने की अनुमति भी देगी जिसमें सर्वाधिक 1,000 लोग उपस्थित रह सकते हैं या वह स्थान आधा ही भरा होना चाहिए (दोनों में से जो भी संख्या कम हो), और आउटडोर वेन्यू में उपस्थित लोगों की संख्या 4,000 होनी चाहिए या वह स्थान आधा ही भरा होना चाहिए (दोनों में से जो भी संख्या कम हो)। सबसे बड़े आउटडोर बैठने के वेन्यू में, जहाँ लोग एक दूसरे के बीच जगह छोड़ कर बैठ सकते हैं, वहाँ शायद सर्वाधिक 10,000 लोग उपस्थित रह सकें (या वह स्थान एक चौथाई ही भरा होना चाहिए, दोनों में से जो भी संख्या कम हो)।

सर्वाधिक 30 लोग शादियों, रिसेपशन और वेक, और साथ ही अंतिम संस्कार की गतिविधियों में शामिल हो सकेंगे। यह सीमा जीवन के अन्य महत्वपूर्ण पड़ावों पर आयोजित कार्यक्रमों पर भी लागू होगी, जिसमें बार मिट्ज़वाह और क्रिस्टेनिंग शामिल हैं।

अंततः, चरण 4 के शुरू होने से पहले सरकार संपूर्ण रूप से संक्रमण के संचरण को रोकने के लिए व्यवस्थित सामाजिक दूरी और अन्य दीर्घ कालिक उपायों की समीक्षा पूरी

करेगी। इस समीक्षा से प्राप्त जानकारी के आधार पर उस निर्धारित समय और परिस्थितियों के बारे में निर्णय लिया जाएगा जिनके अधीन 1 मीटर से अधिक दूरी बरकरार रखने, फेस कवरिंग पहनने और अन्य उपायों से संबंधित नियमों को हटाया जा सकता है। इसके आधार पर घर से काम करने के दिशा-निर्देशों का भी नवीकरण किया जाएगा - जहाँ संभव हो इस जांच के पूरे न होने तक घर से काम करना जारी रखा जाना चाहिए।

शीघ्रतम 21 जून से लागू होने वाले चरण 4 से, सरकार यह आशा करती है कि हालात ऐसे होंगे कि वह सामाजिक संपर्क पर सभी कानूनी सीमाओं को हटा सकेगी।

हम आशा करते हैं कि इस पड़ाव पर हम नाइटक्लब सहित बाकी के परिसरों को भी खोल सकेंगे और चरण 3 में बड़े पैमाने पर आयोजित कार्यक्रमों और प्रदर्शनों पर लागू होने वाले प्रतिबंधों को हटा सकेंगे। यह वैज्ञानिक ईवेंट्स रिसर्च प्रोग्राम के परिणामों के अधीन रहेगा जिसके अंतर्गत वसंत ऋतु और ग्रीष्म ऋतु में कुछ विशिष्ट मुख्य आज़माइशी घटनाओं के परिणामों को जांचा जाएगा और जहाँ हम संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए टेस्टिंग और अन्य उपायों के उपयोग की जांच करेंगे। इसी ईवेंट्स रिसर्च प्रोग्राम के आधार पर निर्णय लिए जाएंगे कि शादियों और जीवन की अन्य मुख्य घटनाओं पर लागू होने वाली सभी सीमाओं को हटाया जा सकता है या नहीं।

रोडमैप में उल्लिखित इन प्रत्येक चरणों में गुज़रने के दौरान, हम सभी को यह याद रखना चाहिए कि कोविड-19 अब भी हमारे जीवन का हिस्सा है। खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए हमें अपने जीवन को अलग रूप से जीना होगा। हमें 'हाथ, चेहरा, अंतर' की सलाह का पालन करना जारी रखना होगा। लागू रहने वाले कोविड-सुरक्षा उपायों का अनुपालन करना होगा। जहाँ संभव हो वहाँ आउटडोर (बाहर) मिलना-जुलना चाहिए और ताजी हवा की आवाजाही को बरकरार रखना चाहिए। जरूरत पड़ने पर टेस्ट करवाना चाहिए। प्रस्ताव दिए जाने पर टीका लगवाना चाहिए। अगर हम सभी अपनी भूमिका निभाते रहें, तो हम सभी उस भविष्य के थोड़ासा और करीब होंगे जो हमें अधिक जाना पहचाना लगता है।